iJRASET
International Journal For Research in
Applied Science and Engineering Technology



# INTERNATIONAL JOURNAL FOR RESEARCH

IN APPLIED SCIENCE & ENGINEERING TECHNOLOGY

**Volume:** 13 **Issue:** V **Month of publication:** May 2025

**DOI:** https://doi.org/10.22214/ijraset.2025.70453

www.ijraset.com

Call: 08813907089 | E-mail ID: ijraset@gmail.com

International Journal for Research in Applied Science & Engineering Technology (IJRASET)
*ISSN: 2321-9653; IC Value: 45.98; SJ Impact Factor: 7.538*
*Volume 13 Issue V May 2025- Available at www.ijraset.com*

# "अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता का तुलनात्मक अध्ययन करना"

Indra Bahadur, डॉ. धनंजय धीरज
शिक्षा शास्त्र विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया (बिहार)
विभागाध्यक्ष, शिक्षा शास्त्र विभाग, गया कॉलेज, गया (बिहार)

**शोध सारः भारतीय समाज एक विभिन्नता पूर्ण समाज है, जिसमें विभिन्न प्रकार की जातियां धर्म संप्रदाय पंथ के लोग रहते हैं। विकास के क्रम में भी इनमें विभिन्नता पाई जाती है इनमें से कुछ जातियां सामाजिक आर्थिक राजनीतिक रूप से विकसित हो गई हैं जबकि कुछ जातियां अभी भी तुलनात्मक रूप से विकास के स्तर पर उनके बराबर नहीं पहुंच सकी हैं। मेरे शोध का विषय वस्तु यही है कि समाज के एक अति पिछड़े वर्ग अनुसूचित जाति एवं जनजाति की पिछड़ेपन की स्थिति का पता लगाना है मैंने अपने शोध के लिए ऐसे ही दो अविकसित जातियां का अध्ययन किया है। इस अध्ययन के लिए और विकसित जातियों की तरह ही अविकसित जिला के अविकसित विकासखंड को चुना है। किसी भी वर्ग के विकास हेतु जागरूकता का होना अति आवश्यक है, अतः मैंने भी अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता का अध्ययन किया है। शोध के निष्कर्ष के रूप में मैंने यह पाया कि सरकार के द्वारा उपलब्ध सरकारी योजनाओं यथा सर्व शिक्षा अभियान के प्रति जानकारी , उत्तर प्रदेश में शुल्क अनिवार्य शिक्षा योजना, उत्तर प्रदेश आवासीय शिक्षा निशुल्क योजना, उत्तर प्रदेश कौशल शतरंज योजना, उत्तर प्रदेश अंबेडकर विशेष रोजगार योजना, ऑपरेशन कायाकल्प शिक्षा योजना, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, उत्तर प्रदेश शिक्षा प्रवीण योजना, मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा योजना, के योजनाओं के प्रति अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों में सकारात्मक रूप से जागरूकता पाई गई अर्थात अधिकांश अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक पाए गए। शोध निष्कर्ष के द्वारा सरकारी शैक्षिक योजना और अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के जागरूकता में सार्थक संबंध है।**

**मुख्य शब्दः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शैक्षणिक योजना, जागरूकता एवं तुलना**

## I. प्रस्तावना

भारत के संविधान के अनुच्छेद 366 (24 )अनुसूचित जातियों से ऐसी जातियां मूल वंश या जनजातियां अथवा ऐसी जातियां मूलबंधों या जनजातीय अथवा ऐसी जातियां मूल वंशया जातियों के भाग या उनमें युथ अभिप्रेत हैं। जिन्हें इस संविधान के प्रयोजनों के लिए अनुच्छेद 41 के अधीन अनुसूचित जातियां समझा जाता है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 अनुसूचित जातियां राष्ट्रपति किसी राज्य या( संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में और जहां तीन राज्य हैं। वहां उसके राज्यपाल से परामर्श करने की पहचा) लोक अधिसूचना द्वारा उन जातियों मूलबंधों या जनजातीय अथवा जातियां मूल वंशु या जनजातियों के भाग या उनमें युथो को निर्दिष्ट कर सकेगा जिन्हें इस संविधान के प्रयोजन के लिए चरिती हैं ( यथास्थिति) उसे राज्य या (संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में अनुसूचित जातियां समझ जाएगा) अनुच्छेद 341 (2 )सांसद विधि द्वारा किसी जाति मूल वंश या जनजाति को अथवा जाति मूल वंश या जनजाति के भाग या उसमें से यूथ को खंड एक अधीन निकल गई अधिसूचना में भी निर्दिष्ट अनुसूचित जातियों की सूची में सम्मिलित कर सकेगी या उसमें से अपवर्जित कर सकेगी।

अनुसूचित जाति में

अनुसूचित जाति के बतार,बैरी भोगता, भूईया, चमार, चौपाल, बगर,धोबी, डोम, धनगड, दुसाध, धारी धरही,लालडोगी मुसहर, पासी, इत्यादि जातियां है।

International Journal for Research in Applied Science & Engineering Technology (IJRASET)
ISSN: 2321-9653; IC Value: 45.98; SJ Impact Factor: 7.538
Volume 13 Issue V May 2025- Available at www.ijraset.com

अनुसूचित जनजाति

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 366( 25) अनुसूचित जनजातियों का उल्लेख उन समुदायों के रूप में दिया गया है जो संविधान के अनुच्छेद 242 के अनुसार अनुसूचित हैं I इस अनुच्छेद में यह कहा गया है कि केवल वह समुदाय जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा प्रारंभिक लोक अधिसूचना के जरिए अथवा सांसद के अधिनियम अनुवर्ती संशोधन के जरिए इस प्रकार से घोषित किया गया है I अनुसूचित जनजाति माने जाएंगे अनुसूचित जनजातियों की सूची राज्य संघ राज्य क्षेत्र विशेष हैं और किसी राज्य में किसी समुदाय को यदि अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित किया हो तो यह जरूरी नहीं की दूसरे राज्य में भी उसे समुदाय को अनुचित माना जाए I

## II. उद्देश्य

1. अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों में शैक्षणिक योजनाओं का अध्ययन करना।
2. अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में शैक्षणिक योजनाओं का अध्ययन करना।

## III. परिकल्पनाएँ

**1.** अनुसूचित जाति के छात्र शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूक नहीं है।
**2.** अनुसूचित जनजाति के छात्र शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूक है।

## IV. शोध सीमा

1- यह शोध केवल अनुसूचित जाति के अनुसूचित जनजाति के छात्रों तक सीमित है I
2 - यह शोध उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के विकासखंड रॉबर्ट्सगंज तक सीमित है I
3- यह शोध रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के 10 विद्यालय तक सीमित है
4 -यह शोध प्रत्येक चुने गए 10 विद्यालयों के 400 छात्रों तक सीमित हैं I
5- यह शोध सरकार द्वारा दिए जाने वाले सचिन की योजनाओं तक सीमित है I

## V. आंकड़ों का संग्रहण

सोनभद्र के विकासखंड रॉबर्ट्सगंज के 10 विद्यालयों यथा
1-माध्यमिक विद्यालय सोडा सोनभद्र
2- गवर्नमेंट इंटरमीडिएट कॉलेज चकदासियां सोनभद्र
3-मोती सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज धौरहरा सोनभद्र
4-बाबा बिहारी इंटर कॉलेज भार्गव सोनभद्र
5-विंध्यवासिनी इंटरमीडिएट कॉलेज पापी सोनभद्र
6-हंस वाहिनी इंटरमीडिएट कॉलेज कसाई सोनभद्र
7- सीमा इंटरमीडिएट कॉलेज कनकी सोनभद्र
8-छबिलाल मेमोरियल इंटरमीडिएट कॉलेज सोनभद्र
9-हरिवंश माध्यमिक विद्यालय मोहम्दाबाद सोनभद्र
10- शिवकुमार रामलाल इंटरमीडिएट कॉलेज लाला पुरवा सोनभद्र से प्रत्येक विद्यालय से 40 विद्यार्थियों का चयन कर दैव निर्देशन विधि का प्रयोग किया गया हैं।

## VI. आंकड़ों का विश्लेषण

| “अनुसूचित जाति के छात्रों के शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता का अध्ययन” | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रं0सं0 | शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता | व्यक्तिगत स्तर पर प्राप्त जानकारी | | |
| | | :सह0 | :असह0 | :अनि0 |
| 1. | शिक्षा अभियान के प्रति सर्व जानकारी है। | 94.56 | 3.09 | 2.35 |
| 2. | उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा योजना की जानकारी है। | 93.96 | 2.11 | 3.93 |
| 3. | उत्तर प्रदेश आवासीय शिक्षा निशुल्क योजना की जानकारी रखते है। | 97.79 | 1.09 | 1.12 |
| 4. | उत्तर प्रदेश कौशल सतरंग योजना के बारे में जानकारी रखते है। | 96.88 | 1.77 | 1.35 |

International Journal for Research in Applied Science & Engineering Technology (IJRASET)
*ISSN: 2321-9653; IC Value: 45.98; SJ Impact Factor: 7.538*
*Volume 13 Issue V May 2025- Available at www.ijraset.com*

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | उत्तर प्रदेश अम्बेड़कर विशेष रोजगार योजना की जानकारी रखते है। | 95.39 | 2.08 | 2.53 |
| 6. | आपरेशन कायाकल्प शिक्षा योजना से परिचित है। | 85.93 | 3.39 | 10.68 |
| 7. | उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना की जानकारी है। | 7.29 | 4.66 | 24.05 |
| 8. | बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना से परिचित है। | 83.38 | 2.68 | 14.01 |
| 9. | उत्तर प्रदेश शिक्षा प्रवीण योजना के बारे में जानकारी रखते है। | 69.80 | 4.86 | 25.34 |
| 10. | मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा योजना की जानकारी रखते है। | 74.49 | 3.60 | 21.91 |

“सोनभद्र जनपद के अनुसूचित जाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के अध्ययन के आयाम सर्व शिक्षा अभियान के प्रति जानकारी है” , में व्यक्तिगत स्तर पर प्राप्त जानकारी के सन्दर्भ में 94.56 प्रतिशत छात्र सहमत, 3.09 प्रतिशत छात्र असहमत और 2.35 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत के पाये गये। उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा योजना की जानकारी है, के लिए व्यक्तिगत स्तर के सन्दर्भ में 93.96 प्रतिशत छात्र सहमत, 2.11 प्रतिशत छात्र असहमत तथा 3.93 प्रतिशत छात्र अनिश्चित पाये गये। उत्तर प्रदेश आवासीय शिक्षा निशुल्क योजना की जानकारी रखते है, के सन्दर्भ में व्यक्तिगत स्तर पर 97.79 प्रतिशत छात्र सहमत, 1.09 प्रतिशत छात्र असहमत और 1.12 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाले पाये गये। उत्तर प्रदेश कौशल सतरंग योजना के बारे में जानकारी रखते है, के सन्दर्भ में व्यक्तिगत स्तर के लिए 96.88 प्रतिशत छात्र सहमत, 1.77 प्रतिशत छात्र असहमत और 1.35 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाले पाये गये। उत्तर प्रदेश अम्बेड़कर विशेष रोजगार योजना की जानकारी रखते है, में व्यक्तिगत स्तर के प्ररिप्रेक्ष्य में 95.39 प्रतिशत छात्र सहमत, 2.08 प्रतिशत छात्र असहमत तथा 2.53 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाले पाये गये। आपरेशन कायाकल्प शिक्षा योजना से परिचित है, के परिप्रेक्ष्य में व्यक्तिगत स्तर पर 85.93 प्रतिशत छात्र सहमत, 3.39 प्रतिशत छात्र असहमत और 10.68 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाले पाये गये।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना की जानकारी है, के सन्दर्भ में व्यक्तिगत स्तर पर 71.29 प्रतिशत छात्र सहमत, 4.66 प्रतिशत छात्र असहमत तथा 24.05 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाले पाये गये। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना से परिचित है, के परिप्रेक्ष्य में व्यक्तिगत स्तर के लिए 83.31 प्रतिशत छात्र सहमत, 2.68 प्रतिशत छात्र असहमत तथा 14.01 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत के पाये गये। उत्तर प्रदेश शिक्षा प्रवीण योजना के बारे में जानकारी रखते है, के सन्दर्भ व्यक्तिगत स्तर पर 69.80 प्रतिशत छात्र सहमत, 4.86 प्रतिशत छात्र असहमत तथा 25.34 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत के पाये गये। मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा योजना की जानकारी रखते है, के सन्दर्भ में व्यक्तिगत स्तर पर 74.49 प्रतिशत छात्र सहमत, 3.60 प्रतिशत छात्र असहमत, 21.91 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत के प्राप्त हुए।

| “सोनभद्र जनपद के अनुसूचित जनजाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता की स्थिति का अध्ययन” | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रं0सं0 | शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता | व्यक्तिगत स्तर पर प्राप्त जानकारी | | |
| | | :सह0 | :असह0 | :अनि0 |
| 1. | सर्व शिक्षा अभियान के प्रति जानकारी है। | 93.30 | 14.11 | 2.59 |
| 2. | उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा योजना की जानकारी है। | 94.10 | 2.81 | 3.09 |
| 3. | उत्तर प्रदेश आवासीय शिक्षा निशुल्क योजना की जानकारी रखते है। | 89.15 | 3.36 | 7.49 |
| 4. | उत्तर प्रदेश कौशल सतरंग योजना के बारे में जानकारी रखते है। | 91.70 | 5.09 | 3.21 |
| 5. | उत्तर प्रदेश अम्बेड़कर विशेष रोजगार योजना की जानकारी रखते है। | 93.89 | 3.69 | 2.42 |
| 6. | आपरेशन कायाकल्प शिक्षा योजना से परिचित है। | 94.12 | 4.33 | 1.55 |
| 7. | उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना की जानकारी है। | 83.29 | 5.92 | 10.81 |
| 8. | बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना से परिचित है। | 82.92 | 4.78 | 12.30 |
| 9. | उत्तर प्रदेश शिक्षा प्रवीण योजना के बारे में जानकारी रखते है। | 81.66 | 5.98 | 12.36 |
| 10. | मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा योजना की जानकारी रखते है। | 83.93 | 6.22 | 9.85 |

“सोनभद्र जनपद के अनुसूचित जनजाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता की स्थिति का अध्ययन” की स्थिति के अध्ययन के आयाम सर्व शिक्षा अभियान के प्रति जानकारी है, के सन्दर्भ में व्यक्तिगत स्तर पर 93.30 प्रतिशत छात्र सहमत 4.11 प्रतिशत छात्र असहमत और 2.59 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत के पाये गये।

International Journal for Research in Applied Science & Engineering Technology (IJRASET)
*ISSN: 2321-9653; IC Value: 45.98; SJ Impact Factor: 7.538*
*Volume 13 Issue V May 2025- Available at www.ijraset.com*

उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा योजना की जानकारी है, के सन्दर्भ में व्यक्तिगत स्तर पर 94.10 प्रतिशत छात्र सहमत, 2.81 प्रतिशत छात्र असहमत तथा 3.09 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत के पाये गये व्यक्तिगत स्तर पर में 89.15 प्रतिशत छात्र सहमत 3.36 प्रतिशत छात्र असहमत और 7.49 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाले पाये गये। उत्तर प्रदेश कौशल सतरंग योजना के बारे में जानकारी रखते है, के सन्दर्भ में व्यक्तिगत स्तर पर 91.70 प्रतिशत छात्र सहमत 5.09 प्रतिशत छात्र असहमत और 3.21 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाले पाये गये उत्तर प्रदेश अम्बेड़कर विशेष रोजगाार योजना की जानकारी रखते है, के अध्ययन में व्यक्तिगत स्तर के प्ररिप्रेक्ष्य में 93.89 प्रतिशत छात्र सहमत 5.29 छात्र असहमत तथा 2.82 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाले पाये गये। आपरेशन कायाकल्प शिक्षा योजना से परिचित है के परिप्रेक्ष्य में व्यक्तिगत स्तर पर 94.12 प्रतिशत छात्र सहमत 4.33 प्रतिशत छात्र असहमत और 1.55 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाले पाये गये। उत्तर प्रदेश  कौशल विकास मिशन योजना की जानकारी है, के सन्दर्भ में व्यक्तिगत स्तर पर 83.29 प्रतिशत छात्र सहमत 5.90 प्रतिशत छात्र असहमत तथा 10.81 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत वाली पाये गये बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना से परिचित है, के प्ररिप्रेक्ष्य में व्यक्तिगत स्तर पर 82.92 प्रतिशत छात्र सहमत 4.78 प्रतिशत छात्र असहमत तथा 12.30 प्रतिशत छात्र अनिश्चित अभिमत के पाये गये। उत्तर प्रदेश शिक्षा प्रवीण योजना के बारे में जानकारी रखते है। के संदर्भ में 81.66 प्रतिशत छात्र सहमत 5.98 प्रतिशत छात्र असहमत तथा 12.36 प्रतिशत अनिश्चित अभिमत वाले छात्र प्राप्त हुए मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा योजना की जानकारी रखते है, के सन्दर्भ में व्यक्तिगत स्तर पर 83.93 प्रतिशत छात्र सहमत 6.22 प्रतिशत छात्र असहमत 9.85 प्रतिशत अनिश्चित अभिमत के छात्र प्राप्त हुए।

## VII. निष्कर्ष

### A. सोनभद्र जनपद के अनुसूचित जाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के प्रति के अध्ययन संबंधी निष्कर्ष

“अनुसूचित जाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के अध्ययन” के आयाम सर्वशिक्षा अभियान के प्रति जानकारी होना, उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा योजना की जानकारी, उत्तर प्रदेश आवासीय शिक्षा निशुल्क योजना की जानकारी, उत्तर प्रदेश कौशल सतरंग योजना, उत्तर प्रदेश अम्बेड़कर विशेष रोजगार योजना, आपरेशन कायाकल्प शिक्षा योजना, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना, बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना,  उत्तर प्रदेश शिक्षण प्रवीण योजना, मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा योजना आदि आयामों में अनुसूचित जाति के छात्रों की इन योजनाओं के प्रति जागरूकता व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और विद्यालयी स्तर के परिप्रेक्ष्य में सर्वाधिक अभिमत सहमत वाले पाये गये। जबकि कम संख्या में असहमत और अनिश्चित अभिमत के छात्र पाये गये। इसके साथ-साथ यह भी स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है कि अनुसूचित जाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जानकारी की यह स्थिति प्रासंगिक और सार्थक है। प्राप्त परिणाम के सम्भावित कारकों में अनुसूचित जाति के छात्रों में शिक्षा के प्रति रूझान एवं शैक्षिक दृष्टिकोण में वृद्धि का होना, शासकीय शैक्षणिक योजनाओं के प्रभावशीलता प्रदर्शित करने तथा व्यवहार स्थिति में परिवर्तन किये जाने वाले गुणों एवं विशेषताओं की प्रवृत्ति से परिचित होना आदि की प्रभावी भूमिका पायी गयी। प्राप्त परिणम के सामान ही पूर्ववर्ती शोध कायोरं् से भी परिणाम प्राप्त हुए है जैसे- **वर्मा, एस0 आर0 कुमार** (2022) ने ‘‘द कोरिलेशन स्टडी ऑफ साइंस टीचिग एण्ड एचीवमेन्ट इन डिफरेन्स कोर्सेज आफ द सेडयूल कास्ट स्टुडेन्टस’’ नामक विषय पर शोध करके निष्कर्ष निकाला गया कि दिल्ली के कक्षा 10 की परीक्षा में साइंस टीचिग के अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के शैक्षणिक जागरूकता से सकारात्मक रूप से सम्बन्धित पायी गयी है।

### B. सोनभद्र जनपद के अनुसूचित जनजाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता की स्थिति के अध्ययन संबंधी निष्कर्ष

“अनुसूचित जनजाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता” के अध्ययन के आयाम सर्वशिक्षा अभियान के प्रति जानकारी होना, उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा योजना की जानकारी, उत्तर प्रदेश आवासीय शिक्षा निशुल्क योजना की जानकारी, उत्तर प्रदेश  कौशल सतरंग योजना, उत्तर प्रदेश अम्बेड़कर विशेष रोजगार योजना, आपरेशन कायाकल्प शिक्षा योजना, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना, बेटी बचाओं बेटी पढाओं योजना, उत्तर प्रदेश शिक्षण प्रवीण योजना, मुख्यमंत्री समग्र शिक्षा योजना आदि आयामों में “अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की इन योजनाओं के प्रति जागरूकता” व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक और विद्यालयी स्तर के परिप्रेक्ष्य में सर्वाधिक अभिमत सहमत वाले पाये गये जबकि असहमत और अनिश्चित अभिमत के छात्र कम पाये गये। साथ ही “अनुसूचित जनजाति के छात्रों में शैक्षणिक योजनाओं के प्रति जागरूकता” की स्थिति सही निकली। परिणाम के संभावित घटकों में में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में शिक्षा के गुणों और प्रभावों से परिचित होना, स्व विकास के प्रति रूझान एवं शैक्षिक दृष्टिकोण में सकारात्मक वृद्धि का होना, शासकीय शैक्षणिक योजनाओं से लाभ प्राप्त करने तथा सामाजिक एवं पारिवारिक स्थिति के परिवर्तन में शिक्षा के गुणों एवं विशेषताओं की प्रवृत्ति से परिचित होना आदि कारकों की प्रभावी भूमिका पायी गयी। प्राप्त परिणम के सामान ही पूर्ववर्ती शोध कायोरं् से भी परिणाम प्राप्त हुए है जैसे- **पटेल, एम0आर0 (2022)** ने "ए स्टडी ऑफ प्यूपिल्स एण्ड इट इमपैक्ट अपोन देयर टीचिग एंड सोशल विहैवियर ऑफ सेडयूल कास्ट स्टुडेन्टस" पर अध्ययन किया गया था, इस अध्ययन के अनुसार, शिक्षा संरचना और अच्छा सामाजिक व्यवहार सकारात्मक रूप से शिक्षण योजनाओं से संबंधित पाए गए।

International Journal for Research in Applied Science & Engineering Technology (IJRASET)
*ISSN: 2321-9653; IC Value: 45.98; SJ Impact Factor: 7.538*
*Volume 13 Issue V May 2025- Available at www.ijraset.com*

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

[1] जोशी एम0डी0 (2019) पी-एच.डी. उपाधि हेतु शोध अध्ययन, शिक्षा संकाय दीनदयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
[2] पाण्डेय हरिशरण (2019) पी-एच.डी. उपाधि हेतु शोध अध्ययन, शिक्षा संकाय महात्मा गॉधीकाशी विद्यापीठ, वाराणसी.
[3] अंगा मनोहर (2023) पी-एच.डी. उपाधि हेतु शोध अध्ययन, शिक्षाशास्त्र विभाग, दीन दयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
[4] मल्लिका एम0 (2023) लघु शोध प्रबन्ध एम.ए. उपाधि हेतु, शिक्षा संकाय डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या.
[5] अशर्फी एफ0 (2023) लघु शोधप्रबन्ध एम.एड. उपाधि हेतु, शिक्षा संकाय डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या.
[6] सिकन्दर वार्ड (2023) लघु शोध प्रबन्ध शिक्षा संकाय एम.एड. उपाधि हेतु, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर.
[7] वैगा आर0 एस0 (2023) लघु शोध प्रबन्ध शिक्षा संकाय, महात्मा गॉधीकाशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी.
[8] सतनामी ए0 जे0 (2022) लघु शोध प्रबन्ध एम.एड. उपाधि हेतु अध्ययन, शिक्षा संकाय, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या.
[9] चौधरी मदीन (2022) लघु शोध प्रबन्ध, एम.एड. उपाधि हेतु अध्ययन, शिक्षा संकाय, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या.
[10] खैरवार नायब (2022) लघु शोध प्रबन्ध, एम.एड. उपाधि हेतु अध्ययन, शिक्षा संकाय, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल म0प्र0.



10.22214/IJRASET

45.98

IMPACT FACTOR:
7.129

IMPACT FACTOR:
7.429

INTERNATIONAL JOURNAL
FOR RESEARCH

IN APPLIED SCIENCE & ENGINEERING TECHNOLOGY

Call : 08813907089 (24*7 Support on Whatsapp)